नव भारत

# झारखंड में सियासी बवाल

## पूर्व सीएम चंपई 10 विधायकों के साथ बीजेपी में होंगे शामिल

**नई दिल्ली, 18 अगस्त. झारखंड की सियासत में बड़े भूचाल के संकेत मिल रहे हैं, क्योंकि जेएमएम से नाराज बताए जा रहे पूर्व सीएम चंपई सोरेन दिल्ली पहुंच चुके हैं। दावा है कि यहां वह अपने खेमे के 10 विधायकों के साथ बीजेपी से हाथ मिला सकते हैं.चंपई सोरेन को लेकर अटकलें हैं कि वे झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले बड़ा उलटफेर कर सकते हैं.**

खास बात यह है कि वे कोलकाता से दिल्ली आए हैं.सूत्र बताते हैं कि कोलकाता में उनकी मुलाकात बीजेपी नेता सुवेंदु अधिकारी से हुई थी.सूत्र ये भी बताते हैं कि चंपई सोरेन सीधे



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से संपर्क में हैं. शिवराज सिंह चौहान बीजेपी के झारखंड के प्रभार भी संभाल रहे हैं.वहीं जब चंपई सोरेन से इस मामले में पूछा गया तो वे बोले कि निजी काम के चलते ही वे दिल्ली आए हैं.उनका कहना है कि वे दिल्ली में अपनी बेटी से मिलने आए हैं.दरअसल, दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद चंपई सोरेन ने संभावित दलबदल से संबंधित सवालों को नजर अंदाज करते हुए कहा कि मैं यहां अपने निजी काम से आया हूं.चंपई सोरेन ने कहा है कि उनकी बेटी दिल्ली में रहती हैं, जिसके चलते वे दिल्ली में आते रहते हैं, वे अपनी बेटी से मिलने आए हैं.

### जेएमएम में मेरा अपमान हुआ है : चंपई

झारखंड के पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जेएमएम में मेरा अपमान हुआ है .अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत में औद्योगिक घरानों के खिलाफ मजदूरों की आवाज उठाने से लेकर झारखंड आंदोलन तक, मैंने हमेशा जन-सरोकार की राजनीति की है .इसी बीच, 31 जनवरी को एक अभूतपूर्व घटनाक्रम के बाद इंडिया गठबंधन ने मुझे झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री के तौर पर राज्य की सेवा करने के लिए चुना .अपने कार्यकाल के पहले दिन से लेकर आखिरी दिन ( 3 जुलाई ) तक मैंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ राज्य के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया .इस दौरान हमने जो निर्णय लिए, उसका मूल्यांकन राज्य की जनता करेगी .एक बात और, यह मेरा निजी संघर्ष है .इसलिए इसमें पार्टी के किसी सदस्य को शामिल करने अथवा संगठन को किसी प्रकार की क्षति पहुंचाने का मेरा कोई इरादा नहीं है .


# सिंगरौली में सीबीआई की रेड

## करोड़ों रुपए नकद एवं सोने-चांदी के जेवर बरामद किए

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 18 अगस्त.** शनिवार की रात और रविवार की सुबह एनसीएल हेडक्वाटर सिंगरौली में सीएमडी के पीए एवं नवजीवन बिहार विंध्यनगर के इन्दपुरी कॉलोनी ढोटी वार्ड 31 में चर्चित ठेकेदार के आवास पर सीबीआई नई दिल्ली के टीम ने रेड करते हुये करोड़ों रुपए कैश एवं सोने-चॉदी के जेवरात बरामद कर जप्त किये जाने की चर्चा है.

वहीं इस मामले में सीएमडी के पीए, सुरक्षाधिकारी व सप्लायर रविशंकर सिंह एवं उनकी पत्नी तथा सीबीआई के डीएसपी जॉय जोसेफ डामले को गिरफ्तार कर जिला एवं सत्र न्यायालय बैढ़न में पेश किया. जहां कल सोमवार तक के लिए रिमांड पर लिया गया है. हालांकि अधिकृत रूप से सीबीआई टीम के सदस्य मीडियाकर्मियों के सवालों से बचते नजर आए. सीबीआई नई दिल्ली की टीम एनसीएल हेडक्वाटर स्थित सीएमडी के पीए सूबेदार ओझा के आवास एवं ऑफिस समेत सुरक्षा विभाग में पदस्थ बसंत कुमार सिंह के यहां दबिश देते हुये छापामार कार्रवाई किया है.



# बाबा महाकाल की आज निकलेगी शाही सवारी

## सीएम डॉ. यादव भी होंगे शामिल, सीआरपीएफ-आर्मी बैण्ड लेंगे भाग

**भोपाल, 18 अगस्त. सावन माह के अंतिम सोमवार को भगवान महाकालेश्वर की शाही सवारी पूरे प्रोटोकाल और धूमधाम से निकलेगी.मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सवारी में शामिल होंगे. इस वर्ष सावन के माह में अब तक निकली भगवान महाकालेश्वर की सवारी का आकर्षण कुछ अलग ही रहा है. हर सवारी अपने आप में अनूठी रही है.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सवारी की वैभवता को बढ़ाने में अनूठे प्रयोग किये, जिससे न केवल प्रदेश के अपितु देश-विदेश से आये श्रद्धालुओं की संख्या में बढोत्तरी हुई है.सावन माह के अंतिम सवारी की प्रमुख बात यह है, इसमें सीआरपीएफ और आर्मी का बैण्ड शामिल होगा. इसी दिन प्रमुख हिन्दू त्योहार रक्षाबंधन भी है.छत्तीसगढ़ के



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी सोमवार को भगवान महाकालेश्वर के दर्शन करने आ रहे हैं. डा. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद भगवान महाकालेश्वर की सवारी का वैभव और बढ़ा है.पहले भव्य पुलिस बैंड की आकर्षक प्रस्तुति और उसके बाद एक साथ डमरू वादन का विश्व रिकॉर्ड बनना अपने आप में अनूठी पहल है.सवारी की भव्यता को बढ़ाने के लिये पहली बार जनजातीय लोक



कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न अंचलों से आये जनजातीय समूहों के नृत्य भी इस बार सावन की सवारियों का हिस्सा बने हैं, जिससे न केवल सवारी की भव्यता बल्कि उसका आकर्षण भी बढ़ा है. इनकी प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया. सवारी में भगवान महाकाल के सुगम दर्शन के लिये पहली बार चलित रथ भी निकले, जिन पर लगी बड़ी स्क्रीन से श्रद्धालुओं ने दर्शन किये.

### सामूहिक डमरू वादन बन गया विश्व रिकार्ड

श्रावण का तीसरा सोमवार उज्जैन के लिए ऐतिहासिक बन गया. मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशानुरूप महाकाल लोक के शक्तिपथ पर 1500 डमरू वादकों ने एक साथ-एक समय डमरू वादन कर विश्व कीर्तिमान रचा. बाबा श्री महाकाल के भक्तों ने हर्षोल्लास और उमंग से सवारी में भाग लिया और डमरू वादकों का स्वागत किया .भगवान शिव के प्रिय वाद्य डमरू को डमरू वादकों द्वारा एकसाथ लयबद्ध रूप में आकर्षक एवं मनमोहक प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया.

# सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत : संज्ञान

## कोलकाता रेप मामले में कल सीजेआई की बेंच करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली, 18 अगस्त.** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर से रेप-हत्या मामले पर अब सुप्रीम कोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है. 9 अगस्त को हुई इस घटना से देश भर में आक्रोश फैल गया, जिसके कारण देश के कई राज्यों में मेडिकल पेशेवरों ने व्यापक विरोध प्रदर्शन और हड़ताल का एलान किया.

भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ 20 अगस्त को मामले की सुनवाई करेगी.सुप्रीम कोर्ट का ये हस्तक्षेप बढ़ते प्रदर्शन



और लोगों के दबाव के बीच आया है.दरअसल, शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस करने वाले दो वकीलों और तेलंगाना के एक डॉक्टर ने सीजेआई चंद्रचूड़ को पत्र लिखकर कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले में स्वत:संज्ञान लेने का आग्रह किया.

# आरएसएस के जरिए हो रही भर्ती

## राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर लगाया बड़ा आरोप

**नई दिल्ली, 18 अगस्त.** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर भाजपा को आड़े हाथों लिया है. उन्होंने हाल में यूपीएससी की ओर से कुछ पदों पर भर्ती के लिए निकाले गए आवेदन पर सवाल उठाते हुए सरकार पर यह आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार यूपीएससी के स्थान पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जरिए महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां कर रही है.

राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार संघ लोक सेवा आयोग की बजाय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के माध्यम से



लोकसेवकों की भर्ती कर संविधान पर हमला कर रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों में महत्वपूर्ण पदों पर लेटरल एंट्री के माध्यम से नियुक्तियां कर एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग के आरक्षण को खुलेआम चुनौती दी जा रही है.